‘परीक्षा पे चर्चा’ कार्यक्रम विषय पर हिम ज्योति स्कूल देहरादून में माननीय राज्यपाल महोदय का संबोधन (23 जनवरी 2023)

जय हिन्द!

प्रधानमन्त्री जी के ‘परीक्षा पे चर्चा’ कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए आयोजित होने वाली **‘पेंटिग प्रतियोगिता’** में आप सभी के साथ शामिल होकर मुझे अत्यन्त **प्रसन्नता हो रही है।**

यह एक बहुत ही अच्छी बात है कि प्रदेश के सभी विद्यालयों में भी यह **पेंटिग प्रतियोगिता** आयोजित की जा रही है, जिस**से** हमारे बच्चों को अपना **कौशल दिखाने का अवसर** मिल रहा है।

मैं इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले **सभी** छात्र–छात्राओं और शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों और शिक्षकों **को हार्दिक बधाई देता हूँ।**

आप सभी के परिश्रम और प्रेरणा से **हमारे प्रदेश के 80 हजार से अधिक प्रतिभागी इस कार्यक्रम के सीधे प्रतिभागी बन रहे हैं।**

मैं इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए आप सभी को बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूँ।

मैं विशेष रूप से **शिक्षा मन्त्री श्री धन सिंह रावत** जी को और उनकी पूरी टीम को भी **बधाई** देना चाहता हूँ कि वे इस काम को बड़ी संजीदगी से कर रहे हैं।

प्रतियोगिता के विषय भी बहुत ही महत्वपूर्ण हैं–**स्वतन्त्रता सैनानियों** को जानने, **अपनी संस्कृति पर गर्व** करने के लिए भी बच्चों को अपना हुनर दिखाने की छूट दी गयी है।

मेरी किताब मेरी प्रेरणा,भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षा, मेरा जीवन मेरा स्वास्थ्य, मेरा स्टार्टअप सपना, सीमाओं के बिना शिक्षा और ऐसे ही अनेक विषय इस प्रतियोगिता के लिए चुने गये हैं।

ये वे विषय हैं जो **आपकी कला** की भी परख करते हैं और **आपके सपनों** की आपके **विचारों** और और आपकी **भावनाओं** की भी परख करने वाले हैं।

हमारे देश के **बच्चे हुनरमन्द हों,कौशल और विचारों में अग्रणी हों**, इस दिशा में यह प्रतियोगिता हमारे बच्चों को **एक दिशा दे रही है।**

आपकी बनायी हुई कलाकृतियां और रचनाएं **एक प्रेरणा और एक आदर्श का कार्य करें।**

आप में से **बहुत से बच्चे इस वर्ष** अपनी **बोर्ड की परीक्षाएंलिखने वाले हैं** और बहुत से बच्चे अगले साल बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होंगें, आप सभी के लिए यह आयोजन एक **'अमृत संजीवनी'** है।

प्यारे बच्चों,

दुनिया बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है और शिक्षा और रचनात्मकता के क्षेत्रों में प्रतिदिन नये–**नये कीर्तिमान,अवसर और चुनौतियां** पैदा हो रही हैं।

हमे हर कीर्तिमान में **आगे रहना है,** हर अवसर के लिए खुद को योग्य बनाना है, हर चुनौती से निपटने का हौंसला और **कौशल विकसित करना है।**

दुनिया की दूरियां मिट रही हैं –**'वसुधैव कुटुम्बकम्'** अर्थात पूरी दुनिया एक परिवार के रूप में बदल रही है, वर्चुअल संसार ने सारी दूरियां मिटा दी हैं।

हमार देश **'भारत'** है जिसका अर्थ होता है **'ज्ञान और प्रकाश का देश'** और इसी लिए हमारा देश प्राचीन काल से ही ज्ञान विज्ञान, कला, संस्कृति, साहित्य रचनात्मकता और बौद्धिक प्रगति के प्रकाश का देश रहा है।

विश्वगुरू भारत फिर से कैसे **विश्वगुरू बने** इसके लिए हमें हर एक बच्चे को **महान संकल्प** और **रचनात्मक कौशलों** के साथ **आधुनिक भारत के निर्माण के लिए आगे आना होगा।**

प्यारे बच्चों आज के समय में आप सब बहुत ही सौभाग्यशाली हैं, जो प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में हमें एक बहुत ही मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व मिला है।

वे हर एक क्षेत्र में और हर एक विषय में गहाई से विचार भी करते हैं और समस्याओं के सामधान के लिए चिन्ता भी करते हैं।

आप सब की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए इसी लिए वे 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी बच्चों के साथ संवाद करते हैं, बात–चीत करते हैं।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम प्रधानमन्त्री श्री नरेंद्र मोदी जी के **विचारशील चिन्तन और बच्चों के प्रति गहरे लगाव का परिणाम है।**

बच्चों में **'परीक्षा पे चर्चा'** सकारात्मक विचार और भावों को प्रसारित करने वाला एक बहुत ही बड़ा कार्य है।

मुझे याद है पिछले साल इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न वर्चुअल माध्यमों से करोड़ बच्चों ने प्रधानमंत्री जी से प्रेरणा प्राप्त की थी।

इस बात से मुझे अत्यन्त प्रसन्नता है कि हमारे बच्चे इस कार्यक्रम से प्रेरणा प्राप्त करने में अपनी गहरी रूचि ले रहे हैं।

मैं स्वयं बच्चों के साथ **'परीक्षा पे चर्चा'** कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहता था इसलिए आज आपके साथ हूँ।

'परीक्षा पे चर्चा' के लिए इस वर्ष बच्चों के लिए रखी गयी विषयवस्तु पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को मेरी शुभकामनाएँ हैं।
मैं आशा करता हूँ कि सभी विद्यालय और विद्यालय प्रबन्धक 27 जनवरी 2023 को आयोजित किये जाने वाले माननीय प्रधानमंत्री जी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की

व्यवस्था सभी बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए सुगम बनायोंगे।

मैं आज के इस आयोजन के लिए हिम ज्योति विद्यालय के सभी सदस्यों का और शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों अधिकारियों को इस सुन्दर आयोजनके लिए और आने वाले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए भी अग्रिम बधाई और हार्दिक शुभमामनाएं देता हूँ।

जय हिन्द!